14.51 hrs.

MATTERS UNDER RULE 377

MR. CHAIRMAN : The House will now take up Matters under Rule 377.

Title : Need to take steps to increase the level of underground water in Rajasthan to safeguard the interests of farmers.

श्री राम सिंह कस्वां (चुरू) : सभापति महोदय, राजस्थान प्रदेश विशेा रूप से चुरू जिले में घटते हुए जल स्तर के कारण विकट समस्या हो गई है। भूमिगत जल का स्तर काफी नीचे चला गया है, जिसके कारण किसानों के सामने एक विकट समस्या पैदा हो गई है। मेरे संसदीय क्षेत्र के काफी ट्यूब वैल, कुएं सूख गये हैं जिससे इन कृाि कुओं से सिंचाई नहीं हो रही है। किसान बर्बाद हो रहा है, बिजली का खर्चा वही है, लेकिन जल स्तर नीचे चले जाने के कारण फसल बर्बाद हो रही है।

अत: मेरा आपके माध्यम से संबंधित मंत्री महोदय से निवेदन है कि समस्या को हल करने के लिए किसानों को कुओं तथा ट्यूब वैल को गहरा करने के लिए अनुदान तथा आर्थिक सहायता दी जाए एवं भूमिगत जल स्तर को बढ़ाने के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास किये जाएं ताकि किसान बर्बाद होने से बच जाए।